**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 30 जनवरी 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

चण्डीगढ़ महापौर का चुनाव भारतीय जनता पार्टी ने जीत लिया है। बी.जे.पी.उम्मीदवार हरप्रीत बबला चण्डीगढ़ की नई महापौर चुनी गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार को 19 और कांग्रेस व आम आदमी पार्टी की संयुक्त प्रत्याशी प्रेमलता को 17 वोट मिले। कहा जा रहा है कि कांग्रेस व आम आदमी पाटी के तीन पार्षदों ने बी.जे.पी. उम्मीदवार के पक्ष में वोट किया।

*************************************************************************

राष्ट्र आज महात्मा गांधी की 77वीं पुण्यतिथि और शहीद दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर आज सुबह नई दिल्ली में महात्मा गांधी की समाधि, राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, मनोहर लाल, तीनों सेनाओं के प्रमुख और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष भी मौजूद थे।

*************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्श देशवासियों को विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। प्रधानमंत्री ने देश के लिए शहीद हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी तथा उनकी सेवा और बलिदान को याद किया।

************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल यमुनानगर जिले के आदि बद्री में 31 कुंडीय हवन यज्ञ और मंत्रोच्चारण के बीच अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का शुभारंभ किया। आदि बद्री सरस्वती नदी का उद्‌गम स्थल है। यह महोत्सव 2 फरवरी, तक चलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की सौगात देते हुए 54 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत की 29 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी किया। इनमें 26 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत की 15 परियोजनाओं के उद्घाटन और लगभग 28 करोड़ रुपये की लागत की 14 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल हैं।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महोत्सव का उद्देश्य पूरे संसार का ध्यान देश की महान सभ्यता की ओर आकर्षित करना है।उन्होंने कहा कि आज ही मां सरस्वती के किनारे पर स्थित दूसरे तीर्थ स्थलों पर भी यह महोत्सव धूमधाम से शुरू हो रहा है।

पेहवा तीर्थ पर  आज सरस और सांस्कृतिक मेले का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि कैथल पोलड़ एवं पिसोल तीर्थ और जींद के हंस डहर तीर्थ में एक फरवरी को सरस्वती महोत्सव के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी के प्रवाह के वैज्ञानिक प्रमाण मिल चुके हैं। सरस्वती नदी का वर्णन ऋग्वेद में बार-बार आया है। यह नदी आज की गंगा की तरह उस समय की विशाल नदियों में से एक थी।श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरस्वती नदी की महत्ता को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए सरस्वती को नर्मदा और साबरमती के जल के साथ जोड़कर पुनर्जीवित करने के प्रयास किये थे। उसी प्रकार हरियाणा में भी हम नदियों को जोड़कर व सरस्वती सरोवरों और जलाशयों का निर्माण करके सरस्वती को फिर से प्रवाहित करने का प्रयास कर रहे हैं।

**************************************************************************

करनाल के उपायुक्त उत्तम सिंह ने अधिकारियों को उन गांवों में लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा है जिनमे नशाखोरी के मामले बढ़ रहे है। उन्होंने जिला औषधि नियंत्रण को उन दवा दुकानों के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए है जिन पर लाईसेंस धारक केमिस्ट के स्थान पर अन्य लोग दवाइयां बेचते हैं।उपायुक्त ने कल करनाल जिला सचिवालय में नार्को समन्वय केंद्र की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में 12 से अधिक गावों में नशाखोरी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इन गावों में जागरूकता अभियान के लिए समितियां बनाई जाएं और गतिविधियों का पूरा ब्यौरा तैयार किया जाए। उन्होंने जिला औषधी नियंत्रक को कहा कि केमिस्ट दुकानों पर गैर लाइसेंसधारकों द्वारा दवाइयां बेचने की शिकायतें प्राप्त हो रही है। जांच के दौरान कहीं भी ऐसा मामला नोटिस में आने के बाद सख्त कार्रवाई करते हुए उस दुकानदार का लाइसेंस रद्द किया जाए। उपायुक्त ने कृषि उप निदेशक को पंचायतों, ग्राम सचिवों व नहरी विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर भांग व  नशे में प्रयोग होने वालेअन्य पौधों को तुरंत नष्ट करने के निर्देश दिए।